अपार ऊर्जा और बहुमुखी प्रतिभा के धनी युवा देश की ताकत और सम्पदा हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मेधावी पुत्र-पुत्रियों को पुरस्कृत किया

...

नई दिल्ली; 22 दिसम्बर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मेधावी पुत्र पुत्रियों को पुरस्कृत किया। श्री बिरला ने मेधावी बच्चों को आगे बढ़ाने,उन्हें सम्मानित और पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने की परंपरा की सराहना की तथा लोक सभा सचिवालय को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के सुनहरे भविष्य के निर्माण में शिक्षा की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और इस तरह के पुरस्कार समारोह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हैं।

युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि अपार ऊर्जा और बहुमुखी प्रतिभा के धनी युवा देश की ताकत और सम्पदा हैं। श्री बिरला ने ख़ुशी व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं के प्रतिभाशाली हाथों में देश का भविष्य् सुरक्षित है। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं के परिश्रम, क्षमता और योग्यता से आने वाले वर्षो में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी स्कूल की परीक्षाओं के बाद राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग और विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं में उत्तम प्रदर्शन कर अपने करियर को उज्ज्वल बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं की कड़ी मेहनत ना सिर्फ उनके भविष्य, बल्कि अपने देश और समाज के लिए बड़ा योगदान देती हैं। श्री बिरला ने कहा कि आज के युवा समाधान खोजने पर काम कर रहे हैं। देश में कृषि, स्वास्थ्य, एजुकेशन, सुरक्षा, शासन के लिए जो चुनौतियाँ हैं, युवा अपने नवाचारों से उनके समाधान दे रहे हैं।

श्री बिरला ने विद्यार्थियों को सन्देश दिया कि वह अपने अध्ययन एवं शिक्षा से लोकतंत्र को और अधिक सशक्त करें। श्री बिरला ने छात्रों से कहा कि वे आम जनजीवन में, शासन-प्रशासन में सामान्य समस्याओं के लिए रास्ते सुझाएं। श्री बिरला ने सभी विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे कड़ा प्रयास करें और अपने परिश्रम पर भरोसा रखें।

कार्यक्रम के आरम्भ में लोक सभा महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत सम्बोधन प्रस्तुत किया तथा अंत में लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव श्री वाई एम कांडपाल ने धन्यवाद् ज्ञापन दिया।